कर्नल (डॉ.) धनी राम शांडिल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व
श्रम एवं रोजगार मन्त्री, हिमाचल प्रदेश,
शिमला-171001

3023- dated-26-05-2023

संदेश

स्वास्थ्य का सीधा सम्बंध स्वस्थ समाज की परिकल्पना से है। वर्तमान प्रदेश सरकार इस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए आमजन को घर द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है।

हिमाचल प्रदेश गर्वनमैंट डैंटल अस्पताल व कॉलेज शिमला में अत्याधुनिक उपकरण व तकनीक द्वारा प्रदेश के दंत रोगियों को बेहतर उपचार सुविधाएं प्रदान कर रहा है। इस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के हर प्रकार के दंत रोगियों का त्वरित व बेहतर उपचार किया जाता है जिससे शिमला व प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के पात्र व जरूरतमंद रोगी लाभान्वित हो रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश गर्वनमैंट डैंटल अस्पताल व कॉलेज शिमला में हर वर्ष काफी संख्या में अध्ययनरत डाक्टरों को प्रशिक्षण प्रदान करने में भी अहम भूमिका अदा करता रहा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस कॉलेज द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ प्रदेश के सभी क्षेत्रों के पात्र व जरूरतमंद रोगियों को प्राप्त होगा।

इसके अतिरिक्त वेबसाईट के माध्यम से देश प्रदेश के नागरिकों को कॉलेज की आधुनिक उपचार पद्धतियों व विशिष्ट उपलब्धियों की सम्पूर्ण जानकारी घर–द्वार पर प्राप्त होगी।

[कर्नल (डॉ.) धनी राम शांडिल]